FORM NO. III

फर्द अहकाम

(नियम 26)

जज अदालत **उपखण्ड अधिकारी** मुकाम **मलसीसर**

राजेन्द्र कुमार बनाम **राज0 सरकार**

किस्म मुकदमा : प्रार्थना पत्र अ0धा0 136 राज.भू.राज.अधि. 1956 मु0न0 47 सन् **2025**

तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
19/6/25	आज यह प्रार्थना पत्र प्रार्थी की ओर से एडवोकेट मो0 रशीद खान द्वारा बाद जांच पेश हुआ। प्रार्थना पत्र दर्ज रजिस्टर हो। अप्रार्थीगण को जरिये सम्मन तलवाना मय नकल प्रार्थना पत्र रजिस्टर्ड एडी से जारी होकर पत्रावली वास्ते तलवी हेतु आईन्दा दिनांक 06/08/2025 को पेश हो। [signature]	
6/8/25	वकुलाय उपस्थित। अप्रार्थीगण की तलवी हो चुकी है। वकील प्रार्थी के निवेदन पर बहस सुनी गई। दौराने बहस विद्वान अधिवक्ता प्रार्थी ने प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाकर जमीन जैर बहस ख0न0 740, 741, 742 कुल किता 3 कुल रकबा 7.73 है0 वाके ग्राम अलसीसर तथा भूमि ख0न0 205, 206, 207 कुल किता 3 कुल रकबा 4.44 है0 वाके ग्राम मोगा में प्रार्थी का नाम राजेन्द्र सिंह पुत्र रामकरण सिंह दर्ज है जबकि प्रार्थी का सही व दस्तावेजी नाम राजेन्द्र कुमार पुत्र रामकरण है इसलिये प्रार्थी का नाम राजेन्द्र सिंह पुत्र रामकरण सिंह के बजाय दस्तावेजी व सही नाम राजेन्द्र कुमार पुत्र रामकरण दर्ज कर राजस्व रिकार्ड दुरूस्त करने का निवेदन किया। हमने पत्रावली का अवलोकन किया। प्रार्थी के शपथ पत्र एवं सलंग्न दस्तावेज का अवलोकन किया। प्रार्थी के स्वंय के शपथ पत्र एवं उपलब्ध दस्तावेज के आधार पर प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाना उचित एवं न्यायोचित प्रतीत होता है। अतः प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाकर जमीन जैर बहस ख0न0 740, 741, 742 कुल किता 3 कुल रकबा 7.73 है0 वाके ग्राम अलसीसर तथा भूमि ख0न0 205, 206, 207 कुल किता 3 कुल रकबा 4.44 है0 वाके ग्राम मोगा के राजस्व रिकार्ड में प्रार्थी का नाम राजेन्द्र सिंह पुत्र रामकरण सिंह के स्थान पर दस्तावेजी व सही नाम राजेन्द्र कुमार पुत्र रामकरण दर्ज कर राजस्व रिकार्ड दुरूस्त करने का आदेश दिया जाता है। निर्णय की प्रति तहसीलदार मलसीसर को पालनार्थ भेजी जावे। प्रार्थना पत्र फैसल शुमार होकर दर्ज नम्बर से कम हो एवं बाद तकमिल जाप्ता दाखिल दफ्तर हो। [signature] उपखण्ड अधिकारी मलसीसर	